हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 योजना के तहत सभी घरों में जल की पहुंच...

12 लक्ष्य हासिल कर कोंडागांव को बनाया जाएगा...




## खबर संक्षेप

### शालाओं का औचक निरीक्षण कमियां दूर करने निर्देश



**जगदलपुर।** तोकापाल ब्लाक के खंड स्रोत समन्वयक अजय शर्मा ने स्कूलों का निरीक्षण कर जो कमियां दिखाई पड़ी उसे तत्काल दूर करने प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया। स्कूल में अनुपस्थित बच्चों के पालकों से संपर्क कर उनकी उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही पाठ्य पुस्तक, गणवेश के वितरण स्थिति की जानकारी ली। बताया गया कि सभी बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश प्राप्त हो चुके हैं। शिक्षकों को अप्रवेसी एवं शाला त्यागी जो बच्चे हैं उन्हें तत्काल प्रवेश कर जानकारी उपलब्ध कराने की निर्देश दिए गए। सभी शिक्षक को शाला समय का कड़ाई से पालन करने एवं मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार उपलब्ध कराने स्वसहायता समूह को अवगत कराया गया।

### एकल खिड़की योजना पर निगरानी जरूरी : बोथरा

**जगदलपुर।** बस्तर चेम्बर आफ कामर्स के पूर्व अध्यक्ष पुखराज बोथरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को प्रेषित पत्र में कहा है कि कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में छग में उद्योगों की अनुमति के लिए एकल खिड़की सिंगल विंडो पोर्टल का शुभारंभ किया गया। इसके लिए आभार व्यक्त करते उन्होंने अनुरोध किया है कि इस प्रयास पर सतत निगरानी रखते हुए क्रियान्वयन में किसी तरह की कोताही न हो इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी।

# कांग्रेसियों ने लगाए महापौर दगाबाज के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नेता प्रतिपक्ष के कमरे को लेकर कांग्रेसी पार्षदों ने दिया निगम कार्यालय में धरना



नगर प्रशासन में सत्ता बदलते ही राजनीति गरमाई गई है कमरे को लेकर विपक्ष ने आन्दोलन शुरू कर दिया हैं। विपक्षी पार्षद दल महापौर के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए महापौर दगाबाज रे का गाना गा रहे हैं। दरअसल नेता प्रतिपक्ष के लिए कमरे नहीं दिए जाने को लेकर विवाद शुरू हो गया हैं और जो कमरा नेता प्रतिपक्ष को दिया गया हैं उसको कांग्रेसी लेना नहीं चाहते। जो पहले से नेता प्रतिपक्ष के लिए कमरा दिया गया था उसी कमरे को कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष के लिए मांगा जा रहा हैं। वही कांग्रेसी पार्षदों ने गुरूवार को अपना विरोध जताए हुए अनोखा प्रदर्शन किया। सदन के बाहर जमीन में बैठ कर लोगों की समस्या को सुनते हुए महापौर पर दगाबाज का आरोप लगा रहे थे। वही प्रदर्शन कर रहे नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स और उपनेता राजेश राय ने कहा कि जिस महापौर के खिलाफ भाजपा ने विरोध किया था अब वही महापौर उनके लिए इमानदार हो गई है और जो कमरा नेता प्रतिपक्ष के लिए हैं उसे अपने जल कार्य सभापति को दे दिया। जबकि उनकी सरकार में भाजपा के नेता प्रतिपक्ष को कांग्रेस ने दिया था अब भाजपा नेता प्रतिपक्ष के कमरे को लेकर राजनीति कर रहे हैं। वहीं इस मामले को लेकर महापौर सफीरा साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इतनी कमजोर हो गई हैं की कमरे की राजनीति कर रहे हैं वे पहले भी महिला का अपमान किया था और अब भी अपमान कर रहे हैं। कौन दगाबाज हैं यह शहर की जनता जानती हैं और इनके कहने से महापौर दगाबाज नहीं होगी। इस दौरान कांग्रेस पार्षद विक्रम सिंह डांगी, कमलेश पाठक, कोमल सेना, ललिता राव समेत अन्य पार्षद मौजूद थे।

# गोंचा पर्व में शामिल होने मुख्यमंत्री को न्योता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- आरण्यक ब्राम्हण समाज मिला विधायक के नेतृत्व में

बस्तर गोंचा महापर्व में शामिल होने 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज का प्रतिनिधि मण्डल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव के नेतृत्व में मिला। मुख्यमंत्री को बताया गया कि जगदलपुर में बस्तर गोंचा महापर्व 22 जून से प्रारंभ हो गया है, 15 जुलाई तक चलने वाले इस महापर्व में भगवान ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**जगदलपुर**
**मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124**

**नारायणपुर**
**मो. 9407740955, 9131893124**

**कोण्डागांव**
**मो. 7000312486, 9131893124**

**सुकमा**
**मो. 9425260296, 9131893124**

**दंतेवाड़ा**
**मो. 9425592636, 9131893124**

**बीजापुर**
**मो. 9131893124**

# बीमा कंपनी दे 20 लाख क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- उपभोक्ता आयोग ने 10 हजार का भी किया जुर्माना




जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में आवेदक को यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा 20 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपए का जुर्माना किया। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंडागांव निवासी विजय घोषाल ने अपनी दुकान टीएस ट्रेडर्स का बीमा यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के माध्यम से करवाया था। आवेदक की उक्त दुकान में अचानक आग लगने से उसकी दुकान पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई, जिसकी सूचना आवेदक द्वारा पुलिस थाने में एवं बीमा कंपनी को प्रदान की गई थी। जिस पर बीमा कंपनी द्वारा ▶▶| शेष पेज 12 पर

# नक्सली घटना के पीड़ित परिजनों को मिली अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- विधायक उसेंडी ने समारोह में दिया नियुक्ति पत्र




जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में नक्सल घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने यहां चितुराम पटेल, श्रीमती ललिता नाग, श्रीमती सोमारी नाग, श्रीमती लछबती बघेल, यशवंत राणा, श्रीमती सनवारिन कुंजाम, रमेश कोर्राम तथा फूलचंद मानिकपुरी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जिला पंचायत सदस्य बालसिंह ▶▶| शेष पेज 12 पर



# योजना के तहत सभी घरों में जल की पहुंच सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने किया मांझी बोरण्ड और दण्डवन में जल जीवन मिशन के कार्यों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ 455 परिवार होंगे लाभांवित

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को माकड़ी तहसील के अंतर्गत ग्राम मांझी बोरण्ड और दण्डवन में जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मांझी बोरंड में पूर्व में निर्मित टंकी का उपयोग जल जीवन मिशन के लिए किए जाने के पूर्वरंगरोगन के निर्देश दिए। वहीं एक स्थान पर बच्चों द्वारा तोड़ी गई टोंटी की मरम्मत भी तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ग्राम दण्डवन में उन्होंने ग्रामीणों से जल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि नयापारा को छोड़कर पूरे गांव में जल आपूर्ति हो रही है। कलेक्टर ने नयापारा में स्वयं पहुंचकर जल आपूर्ति की स्थिति का अवलोकन किया।

एक सप्ताह के भीतर इसका समाधान करते हुए पूरे गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम मांझी बोरण्ड में 324 परिवारों को घर में नल के माध्यम से जल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से कार्य किया गया है। इसी तरह ग्राम दण्डवन में 131 परिवारों के घर में जल आपूर्ति के लिए 78 लाख 53 हजार रुपए की लागत से कार्य किया गया है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, शिक्षा मिशन के जिला मिशन समन्वयक महेन्द्र पाण्डे, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एआर मरकाम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र पाण्डे सहित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आयोजन:** स्व–सहायता समूहों को व्यापार में विस्तार के लिए मिलेगी चक्रीय निधि

# लक्ष्य हासिल कर कोंडागांव को बनाया जाएगा अग्रणी जिला, गर्भवती महिलाओं की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार एवं कृषि के क्षेत्र में निर्धारित संकेतकों के लक्ष्य को शत–प्रतिशत प्राप्त करने के लिए संपूर्णता अभियान का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित इन लक्ष्यों को प्राप्त कर हम विकास की राह में तेजी से आगे बढ़ेंगे।

विधायक सुश्री उसेण्डी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से जहां शिशु और मातृ मृत्यु दर में कमी आई है। वहीं स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। इसके साथ ही महिलाओं में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि शिक्षित और स्वस्थ समाज का निर्माण के साथ ही रोजगार और कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए भी कार्य किया जाएगा।

जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने कहा कि कोंडागांव जिला विभिन्न क्षेत्रें में लगातार अच्छा कार्य कर रहा है तथा आकांक्षी जिलों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भी हम सभी मिलकर बेहतर कार्य करेंगे और निश्चित तौर पर इन लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे।



### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल, खेमचंद नेताम, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम, प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट के अजीत राना, अभिनय रात्रे सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

### कोंडागांव जिले ने दो बार डेल्टा रैंकिंग में हासिल किया सर्वश्रेष्ठ स्थान

कलेक्टर कुणाल दुद्दावत ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर आकांक्षी जिला और ब्लॉक कार्यक्रम प्रारंभ की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ होने के पश्चात अपेक्षाकृत पिछड़े जिलों ने कई क्षेत्रों में बेहतर कार्य किया और बदलाव के नेतृत्वकर्ता बने। उन्होंने कहा कि कोंडागांव जिले ने दो बार डेल्टा रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया। इसके लिए सात करोड़ रुपए की सम्मान राशि भी प्राप्त की, जिसका उपयोग जिले के विकास कार्यों में किया गया।

### संपूर्णता अभियान को सफल बनाने का संकल्प

इस अवसर पर विधायक सुश्री लता उसेंडी ने जिलावासियों को स्वस्थ, समर्थ और समृद्ध कोंडागांव के निर्माण के लिए संपूर्णता अभियान के सभी संकेतकों को संतृप्त करने के लिए योगदान का संकल्प दिलाया। इसके साथ ही संकल्प पट्टिका पर हस्ताक्षर भी किया। इस अवसर पर संपूर्णता अभियान के संकेतकों को संतृप्त करने के लिए जनजागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर विधायक सुश्री उसेंडी ने रवाना किया।

# बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा के लिए शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

यूनिसेफ और छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के सहयोग से प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों के लिए बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा की समझ बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कार्यालय में जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ दानिश खातून द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को सही लक्ष्य चुनने, उसे हासिल करने, दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने, समझदारी से स्थिति का उपयोग करने, सकारात्मक संबंध बनाए रखने और जिम्मेदारी से फैसले लेने की महत्वपूर्ण क्षमता विकसित करना था। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा में सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा बच्चों को उनके जीवन में उपयोगी क्षमताओं से अवगत कराती है। इसके पांच मुख्य घटक आत्म जागरुकता, स्वयं को व्यवस्थित रखना, सामाजिकता, संबंधों की समझ, और सही फैसले लेना है। कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉक के कोर शिक्षकों ने भाग लिया और अपनी समझ को विस्तार दिया।

### जागरुकता अभियान चला

ज्ञात हो कि जिले के चयनित स्कूलों में पंथक भाग 1 के आधार पर शिक्षक, पालक और बच्चों के स्वस्थ मानसिकता एवं स्वास्थ्य पर जागरूकता अभियान भी चलाया गया है। इस सत्र में बच्चों की भावना की समझ को बढ़ाने और सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों की शिक्षा में समग्र विकास को सुनिश्चित करते हैं, जिससे वे न केवल शैक्षणिक बल्कि सामाजिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत बन सकें।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 13 को धनोरा में

**कोण्डागांव।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन केशकाल विकासखंड के ग्राम धनोरा में शनिवार 13 जुलाई को और माकड़ी विकासखण्ड के ग्राम अमरावती में शुक्रवार 26 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सभी जिला स्तरीय आधिकारियों को इन जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में अनिवार्य तौर पर उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### प्राकृतिक आपदा से मृत्यु, 4 प्रकरणों पर 16 लाख जारी

**कोण्डागांव।** प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने जारी की गई है। जिसके अनुसार माकड़ी तहसील के ग्राम बिंजोली निवासी लेबोराम महावीर की गड्ढे के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी अनिता महावीर, बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम सोनपुर निवासी रूपईबाई मरकाम की गाज गिरने से मृत्यु होने पर पति सुरज मरकाम के लिए 4-4 लाख के मान से आर्थिक सहायता जारी की गई। बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम छोटेराजपुर निवासी संतुराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी संगाय, कोण्डागांव तहसील के बाजारपारा निवासी बैसाखू सोड़ी की पानी में डूबने से मृत्यु पर पत्नी सुखबती सोड़ी को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिसके तहत प्रकरणों में चार–चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिया गया है।

### कोनगुड में मना विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव



**फरसगांव।** फरसगांव ब्लाक के ग्राम कोनगुड में गुरुवार को विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्यअतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम पहुचे हुए थे। जिन्होंने उपस्थित स्कूली बच्चों का पुष्प हार पहनाकर तिलक लगाकर उन्हें पाठ्यपुस्तक और गणवेश का वितरण किया। जिसके बाद सभी बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई कर जीवन मे कामयाबी हासिल करने कहा। उन्होंने स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया। इस दौरान अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित रहे ।

### जनता कांग्रेस व मुक्तिमोर्चा ने एनएमडीसी अफसर को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** बस्तर के बेरोजगारी से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के संभाग अध्यक्ष एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद ने नगरनार स्टील प्लांट प्रबंधन से मुलाकात कर चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि बस्तर में बेरोजगारी की समस्या जस के तस हैं राजनीतिक पार्टियां केवल अपना रोटी सेंकते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बस्तरवासियों कि 3200 एकड़ जमीन अधिग्रहण कर 24000 करोड़ की लागत से निर्मित एनएमडीसी प्लांट का उद्घाटन कर दिया गया है। उस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह जमीन आपकी, यहां का लोहा आपका है इसलिए यह एनएमडीसी स्टील प्लांट भी आपका है। इस प्लांट से लगभग 50000 रोजगार का सृजन होना है जिस पर बस्तर के शिक्षित एवं अशिक्षित बेरोजगारों का अधिकार होगा। नवनीत ने कहा कि नगरनार स्टील प्लांट के रिक्त पदों एवं प्लांट से संबंधित सहायक कंपनी के पदों में बस्तरवासियों को प्राथमिकता एवं गैर तकनीकी पदों पर अनिवार्यता भर्ती दी जाए। स्टील प्लांट प्रबंधन के द्वारा बस्तर के स्वास्थ्य सेवा को बेहतर करने केंद्र एवं राज्य के द्वारा निर्मित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भवन को अधिग्रहित कर अस्पताल का संचालन किया जाए।

# एक साथ पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटके मिले युवक व किशोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



कोंडागांव जिले के अनंतपुर थाना क्षेत्र के ओडारगांव में गुरुवार को इमली के पेड़ पर एक नाबालिग किशोरी के साथ 20 वर्षीय युवक सुदर्शन पोयाम की फांसी पर लटकी लाश मिली है । एक साथ दो लोगों की फांसी के फंदे पर लाश लटकी मिलने की खबर गाँव में फैलने से घटनास्थल पर ग्रामीणों को भीड़ जमा हो गई। परिजनों की रिपोर्ट पर थाना अनंतपुर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पंचनामा की कार्रवाई कर दोनों के शवों को फंदे से निकालकर पोस्टमार्टम बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया । दोनो मृतक एक ही गांव के है । अनंतपुर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

# चोरी के अभियुक्त को 4 धाराओं में सश्रम कारावास

**जगदलपुर।** शहर के महारानी अस्पताल में 20 सितंबर 2019 की सुबह 5 बजे महारानी वार्ड निवासी 24 वर्षीय अमित नाग उर्फगोलू ने राड, छड़ एवं स्क्रेप शीट बोरी भर कर भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने धर दबोचा और गिरफ्तार कर कोर्ट पेश किया गया। इस मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अजय राजपूत ने गवाहों एवं साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त अमित को धारा 379, 511, 34 भादंसं के आरोप में 6 माह का सश्रम कारावास, धारा 186 में 3 माह का सश्रम कारावास, धारा 353 में 6 माह एवं धारा 333, 32 भादंसं के आरोप में सश्रम कारावास से दंडित किया। साथ ही सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। इसमें अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक अखिलश्वर दास ने पैरवी की।

# वनमंडलाधिकारी ने किया सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी को बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव वनमंडल में पदस्थ सहायक ग्रेड–3 अनिल कुमार मंडावी को कर्त्तव्य विमुखता के कारण वन मंडलाधिकारी द्वारा बर्खास्त कर दिया गया। वन मंडलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक ग्रेड–3 अनिल कुमार 04 मार्च 2022 से बिना पूर्व सूचना के तथा बिना अवकाश स्वीकृत कराये अनाधिकृत रूप से कर्तव्य से अनुपस्थित थे। उन्हें अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने केलिए 11 अप्रैल 2022, 03 अगस्त 2022 तथा 09 नवंबर 2022 को पत्राचार किया गया था। लेकिन वे निरंतर कार्यालय के आदेश का उल्लंघन करते रहे जिसके कारण उनके विरूद्ध छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एवं 7 के उल्लंघन के कारण विभागीय जांच की गई। विभागीय जांच के दौरान सहायक ग्रेड–3 अनिल कुमार मंडावी अपने अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में पर्याप्त कारण बता पाने में असमर्थ रहे तथा उनके विरूद्ध लगाए गए आरोप विभागीय जांच में सिद्ध पाए गए।

विभागीय जांचकर्ता अधिकारी द्वारा 16 मई को अपने जांच प्रतिवेदन के तहत वनमंडल कार्यालय को सूचित किया गया। जिसके फलस्वरूप वनमंडल कार्यालय द्वारा 19 जून को उन्हें अंतिम बचाव अवसर दिया। अनिल कुमार मंडावी द्वारा इसका प्रतिउत्तर निर्धारित समयावधि में नहीं दिया गया। अनिल कुमार मंडावी सहायक ग्रेड–3 की सेवा नियुक्ति 14 अक्टूबर 2008 को हुई थी। जिसके पश्चात वे 1415 दिवस तक अनुपस्थित रहे। इस तरह उनकी कुल सेवा अवधि 16 वर्ष में वे 11 वर्ष विभिन्न अवधियों में अनुपस्थित रहे। इस तरह अनिल कुमार मंडावी जानबूझकर सेवा विमुख होने के आदी पाये जाने के कारण उनके विरूद्ध दीर्घ शास्ति आरोपित हुए। लंबी अवधि से अनुपस्थित रहने के कारण और उनके आचरण में कोई सुधार परिलक्षित नहीं होने के कारण अनिल मंडावी को सेवा से बर्खास्त किया गया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दी गई जानकारी, नई व पुरानी में बताया अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों को प्रत्येक महाविद्यालयों में समझाने के लिए एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम महेश बघेल दंडकारण्य शासकीय महाविद्यालय, केशकाल में रखा गया। जिसमें उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक नसीर अहमद सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशन में प्रत्येक जिले में चलाया जा रहा है, जिसके लिए कुछ दिनों पूर्व प्रत्येक जिले से मास्टर ट्रेनर्स को चयनित कर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में नसीर अहमद ने सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एनईपी की प्रस्तावना प्रस्तुत की। उसके पश्चात पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से, एनईपी के मुख्य प्रावधान, पूर्व की शिक्षा नीति और वर्तमान में लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अंतर, पाठ्यक्रम संरचना, एनईपी के बारे में फैले भ्रम और उन की वास्तविकता बताई। उन्होंने बताया कि लोगों में जो भ्रम है कि अब स्नातक कार्यक्रम 3 वर्ष का है या 4 वर्ष का हो गया है? नसीर अहमद ने बताया कि स्नातक कार्यक्रम अब भी 3 वर्षों का ही होगा मगर अगर कोई छात्र किसी विषय में विशिष्टता लेना चाहे तो वह एक साल और अध्ययन कर सकता है जिसमें उसे ऑनर्स और ऑनर्स विथ रिसर्च की डिग्री मिलेगी। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एनईपी 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा, आईसीटी का प्रयोग, इंटर्नशिप, अप्रेंटिशिप, के साथ चौथे वर्ष में संकाय विशेष की शोध प्रविधि तथा लघुशोध, डिजर्टेशन को भी समाहित किया गया है। कार्यक्रम में केशकाल, विश्रामपुरी और धनोरा महाविद्यालय के प्राचार्य श्री सोनवानी और समस्त स्टाफ के साथ केशकाल महाविद्यालय से जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. बीपी साहू उपस्थित रहे।



शिक्षक-पालकों के साथ टेकाम ने किए अपने अनुभव साझा

# नवप्रवेशी बच्चों का विधायक ने फूलमाला पहनाकर किया स्वागत, गणवेश- किताबों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केसकाल

बड़ेराजपुर ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशात्सव में विधायक नीलकंठ टेकाम ने नव शाला प्रवेशी बच्चों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तकें एवं गणवेश का वितरण भी किया। विकलांग बच्चों को ट्रायसिकल का वितरण भी किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक टेकाम ने शिक्षा को लेकर उनके ज्ञान को जनप्रतिनिधियों ,शिक्षकों एवं ग्रामीणों के बीच साझा किया। प्राथमिक शिक्षा शाला में जितने बच्चों हों, उतने ही कालेज भी पहुंचने चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी विभागों को जिम्मेदार बताया। सभी के सामूहिक प्रयास से ही यह संभव हो पाएगा उन्होंने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता में पहला स्थान दिया है। श्री टेकाम कोंडागांव जिले के कलेक्टर रहते हुए जिला खनिज न्यास निधि से एक हजार ट्यूटर की भर्ती कर उन्होंने जिले की सभी स्कूलों में रिक्त शिक्षकों के पदों को भरा था। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा अपनी मां के नाम एक पौधा लगाने का आव्हान किया है। उन्होंने प्रत्येक स्कूल में बच्चों को डिवाइडकर कलर हाउस बनाकर शिक्षा देने की बात कही।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सेवक राम नेताम,सरपंच कोपरा दया सिंधु राणा ,योगेश पांडेय,जिला शिक्षा अधिकारी,संगीता पोयाम,बुधसन मरकाम,लाला राम मरकाम, राजमन शोरी,जीवन मानिकपुरी,भुवन लाल जैन,सोपसिंह मरकाम,खम्मन वासुदेव, बीईओ, बीआरसी,संकुल समन्वयक, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### गोंचा पर्व में...

जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा गोंचा पूजा विधान 7 जुलाई को संपन्न किया जाएगा। मुख्यमंत्री को न्योता दिया गया जिस पर उन्होंने धन्यवाद देते रियासतकालीन परंपरा के निर्वहन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही बस्तर गोंचा महापर्व के बीच में एक दिन भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए आने की सहमति दी। मुख्यमंत्री से मिलने रायपुर गए प्रतिनिधि मण्डल में समाज के अध्यक्ष ईश्वर नाथ खम्बारी, बस्तर गोंचा समिति के अध्यक्ष विवेक पाण्डे, रजनीश पाणीग्राही, वेदप्रकाश पांडे, नरेन्द्र पाणीग्राही, दिनेश पाणिग्राही, हेमंत पांडे, ओंकार पांडे, आत्माराम जोशी, डिलेश्वर पांडे, गजेंद्र पाणिग्राही, चिंतामणि पांडे, विजय पांडे, बिम्बाधर, ईश्वर पाणिग्राही, वेणुधर पाणिग्राही, हेमंत पाणिग्राही, प्रशांत पाणिग्राही, जय प्रकाश पाढ़ी, विमल पांडे, देवकृष्ण पानीग्राही, नुरनेश पानीग्राही व ललित पाणिग्राही शामिल थे।

### बीमा कंपनी अदा...

दुकान का सर्वे करवाया गया था। बीमा कंपनी द्वारा लंबे समय तक आवेदक के दावे का निराकरण न करते हुए अंत में पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने का अवलंबन लेते हुए आवेदक का क्षतिदावा निरस्त कर दिया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा कंपनियां तकनीकी आधारों पर दावे से इंकार नहीं कर सकती हैं। दावों का निपटारा करते समय बीमा कंपनी को बहुत अधिक तकनीकी नहीं होना चाहिए और उन दस्तावेजों की मांग नहीं करना चाहिए जो बीमाधारक के नियंत्रण से परे हैं और ऐसी परिस्थितियों के चलते बीमाधारक, ऐसे दस्तावेजों को प्रस्तुत करने में असमर्थ है।

### नक्सली घटना के...

बघेल, खेमचंद नेताम, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुश्री निकिता मरकाम सहित अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### संचार एवं संकर्म समिति की हुई बैठक

जगदलपुर। जिला पंचायत बस्तर के सभा कक्ष में सोमवार को संचार एवं संकर्म समिति की बैठक आयोजित की गई। सभापति प्रतिभा देवांगन, सदस्य धरमु मंडावी, सदस्य मालती मंडावी एवं समिति के पदेन सचिव ओपी कृषाण कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जगदलपुर एवं सभी निर्माण विभाग जल संसाधन, छग गृह निर्माण मंडल, लोक निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग सड़क, सहा.भू. संरक्षण, नगर निगम, एनएच ब्रीज, क्रेडा विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा योजना, वन विभाग से अधिकारीगण उपस्थित हुये। सभापति की अनुमति से सचिव द्वारा सभा की कार्यवाही प्रारंभ की गई तथा निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण तथा सड़क, पुल, पुलिया, स्टॉप डेम तथा स्कूल भवन मरम्मत पर चर्चा की गयी। कुछ निर्माण कार्यों को जनप्रतिनिधि के साथ स्थल निरीक्षण कराने हेतु सदस्य द्वारा निर्देशित किया गया, जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा सहमति दी गयी।

### समिति ने किया योग अभ्यास मार्गदर्शिका का वितरण

जगदलपुर। शहर के सिटी ग्राऊण्ड में अग्निहोत्र पर्यावरण सेवा समिति जगदलपुर के द्वारा प्रकाशित वर्षा ऋतु में आहार व योग अभ्यास की मार्गदर्शिका का वितरण मुख्य अतिथि योग अभ्यासी सोमा मेहरा के हाथों गुरूवार को किया गया। संस्था के आहार प्रशिक्षक रामजग गौड़ ने जानकारी दी कि विगत 10 वर्षों से सन्तुलित व पौष्टिक भोजन सेवन करने के प्रति समुदाय को जागरूक करने के लिए आहार मार्गदर्शिका का प्रकाशन व महिलाओं व युवतियों को आहार शिक्षा व खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उद्देश्य है कि समुदाय में बढ़ते हुए एनिमिया व कुपोषण जैसी समस्या में कमी आये। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण कार्य से अधिकतम आय अर्जित करें। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए संस्था कार्य कर रही है। इस मार्गदर्शिका वितरण कार्यक्रम में नियमित योग करने वाले 30 अभ्यासी व अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

दंतेवाड़ा। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिला सड़क सुरक्षा योजना विकसित करना, ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन एवं सुधार कार्य एवं सभी मुख्य मार्गों में यातायात संबंधित निर्देशात्मक, आदेशात्मक तथा सूचनात्मक बोर्ड, सड़क चौड़ीकरण एवं सड़क पर विभिन्न सुधार, स्कूल एवं कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं स्कूल बसों की चेकिंग, स्कूल, कॉलेज के नाबालिग छात्र-छात्राओं के वाहन चालन के संबंध में, सड़क दुर्घटना के उपचार हेतु प्राथमिक चिकित्सा सेवा, शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों की सुविधा हेतु यात्री बस स्टैंड एवं ऑटो स्टैंड, नगर पालिका, नगर पंचायत में मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे संचालित दुकानों, ठेलों का अतिक्रमण पर कार्यवाही एवं रोड में आवारा पशुओं पर रोकने एवं आवारा पशुओं को कांजी हाउस में रखने, की जगह निर्धारित करने के संबंध में नो एंट्री जोन में वाहनों के आवाजाही पर रोक, के संबंध में कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गये। बैठक में मोटर यान अधिनियम 1988 के उल्लंघन पर कार्यवाही, के संबंध में जानकारियां प्रस्तुत की गई।

### शालाओं, आंबा व निर्माणाधीन सड़क मार्गों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

# चोलनार में मध्यान्ह भोजन गुणवत्ताहीन पाए जाने पर प्रधान अध्यापिका निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज दन्तेवाड़ा और कुआकोण्डा क्षेत्र के शालाओं, आंगनबाड़ी और निर्माणाधीन सड़क मार्गों का औचक निरीक्षण किया। चोलनार प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में निरीक्षण के दौरान बच्चों का मध्यान्ह भोजन गुणवत्ताहीन पाये जाने पर कलेक्टर ने पदस्थ प्रधान अध्यापिका पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निलंबन की कार्यवाही की। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा मध्यान्ह भोजन के संबंध में मैन्यू अनुसार बच्चों को सन्तुलित भोजन परोसने के निर्देश पूर्व में ही दे दिये गये है। इसके पूर्व कलेक्टर ने ग्राम धुरली स्थित माता रूकमणि बालक आश्रम का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। वहां संस्थान में संचालित हो रहे पहली से आठवीं कक्षा तक कक्षाओं को दसवीं से बारहवीं तक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। इसके साथ ही स्कूल की मरम्मत योग्य कार्यों को जल्द पूर्ण करने को कहा। यहां उन्होंने 10वीं से 12वीं तक की शिक्षकों के वेतन के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए।

**निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें**

इस निरीक्षण भ्रमण पश्चात कलेक्टर द्वारा कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में स्कूल जतन योजना के तहत कार्यपालन अभियंता, प्राचार्यों निर्माण एजेंसी, ठेकेदारों की आवश्यक बैठक ली गई। बैठक में कहा कि स्कूल जतन योजना के तहत जो भी निर्माण कार्य किये जा रहे उन निर्माण कार्यों में पूर्णतः गुणवत्ता सुनिश्चित करने के अलावा समय सीमा में निर्मित होने चाहिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# रथयात्रा के दिन इंद्रावती नदी पर होगी महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



- कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक, अधिकारियों को दिए अवश्यक दिशा निर्देश

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने बुधवार को इंद्रावती सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की समीक्षा बैठक ली। सभी विभागों की समीक्षा करते हुए ग्रामिणों को ज्यादा से ज्यादा शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

बीजापुर जिला में पहली बार 7 जुलाई को रथयात्रा के उपलक्ष्य में इंद्रावती नदी के तिमेड़ घाट में महा आरती का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इस महा आरती का उद्देश्य नदियों की महत्ता को समझते हुए पर्यावरण का संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। जलाशय हो या आस-पास के जंगल सभी को स्वच्छ रखना चाहिए, ताकि स्वच्छ वातावरण में हमारा समाज रह सके। गंगा आरती के समान इंद्रावती नदी की आरती के लिए कलेक्टर ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम जागेश्वर कौशल, उत्तम सिंह पंचारी, दिलीप उईके, विकास सर्वे सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम आवास का काम शीघ्र पूरा करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें सीईओ ने अद्यतन हुए पीएम आवास में कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिन पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य धीमा है और पूर्ण हुए आवासों की संख्या कम है, वहां के हितग्राहियों को शीघ्र आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित करने निर्देशित किया। उन्होंने आवास निर्माण कार्य में जो अनावश्यक विलंब कर रहे, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। सीईओ ने कहा कि इस योजना का लाभ जरूरतमंदों को समय पर मिले, यही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आवास के अभाव में विपरित मौसम व परिस्थितियों में जरूरतमंदों को बहुत सी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, इसलिए हितग्राहियों के प्रति संवेदनशील बने। उनका आवास समय पर पूरा कराने हेतु सहयोग करें और प्रगतिरत प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्य की मॉनिटरिंग करते रहे।

# पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेता शिक्षकों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में पोस्ट ऑफ द मंथ अप्रैल और मई के जिला स्तर के विजेता रहे शिक्षकों को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा प्रमाणपत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में शैक्षणिक उन्नयन के उद्देश्य हेतु आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है।

आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत विनोबा ऐप यह ओपन लिंक्स फाउंडेशन की एक अभिनव पहल है। विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है, जहां शिक्षकों के कार्यों की पहचान और सराहना होती है। यहां शिक्षक एक दूसरे के साथ कनेक्ट होते है, साथ ही विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है, शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। इस में मुख्य रूप से शिक्षा में नवाचार, शिक्षकों के कार्य सरल करने के लिए, शैक्षणिक गतिविधियां सभी से साझा करने के लिए शेयर एंड लर्न, तथा शिक्षकों के नवनवीन उपक्रम ,टीएलएम और शिक्षकों को शैक्षणिक सहायता तथा मार्गदर्शन मिलने के लिए विनोबा ऐप सहायक है। यह हर महीने शिक्षकों के द्वारा पोस्ट किए गए उनके कार्य गतिविधियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से पहचान कर शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड जिला स्तर पर पांच शिक्षकों को दिया जाता है। इस कड़ी में पिछले महीने अप्रैल और मई के पोस्ट ऑफ द मंथ के जिला स्तर के विजेता रहें शिक्षिका शिल्पा चव्हाण, लक्ष्मी पुरांडे और इसी के साथ मई महीने के विजेता रवि कुमार सुराना, मनीषा सोनी और सुनीता अजीथ आज सम्मानित हुए।

# 195 बटालियन ने कराया शिव मंदिर का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



195 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा इंद्रावती बोधघाट पर संचालित बोधघाट जल विद्युत परियोजना में शिव मंदिर का निर्माण वर्ष 1970 में किया गया था। वर्ष 1986 में बोधघाट परियोजना के बन्द हो जाने के बाद मंदिर व मूर्तियों की स्थिति जर्जर हो गई थी। जिसके बाद 195 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के राजीव कुमार कमाण्डेंट 195 के नेतृत्व में अधिकारियों एवं जवानों द्वारा शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कर मंदिर का सौन्दर्यीकरण व टीन शेड लगाकर पूजा-अर्चना किया गया व जीर्णोद्धार के उपरांत मंदिर ग्रामीणों को पूजा-पाठ हेतु समर्पित कर दिया गया है। इस मौके पर सुभाष चंद प्रसाद द्वितीय कमान अधिकारी, विक्रांत वर्मा द्वितीय कमान अधिकारी, जगदेव सिंह यादव उप कमाण्डेन्ट, डॉ. वागीष त्रिपाठी एसएमओ, संजीव कुमार यादव सहायक कमाण्डेन्ट, डॉ. रथिन्द्र कुमार मण्डल जीडीएमओ, 195 बटालियन के जवान एवं आस-पास के ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिक्षा की अलख जगाने जनप्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं को दिया मार्गदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा

- विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव सम्पन्न

कोण्टा के सामुदायिक भवन में शिक्षा विभाग द्वारा शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा नेताओं के द्वारा सरस्वती माता की छायाचित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर की गई। भाजपा सुकमा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, पूर्व विधायक सोयम मुका, नगर अध्यक्षा मौसम जया, मंडल अध्यक्ष जी. साई रेड्डी, आर. मुरली, जपं अध्यक्ष सुन्नम नागेश, पी. विजय कोरसा, सन्नू सुभाष चतुर्वेदी, महिला मोर्चा के पदाधिकारियों सहित आला नेताओं ने पहली कक्षा के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर प्रवेश करवाया। नेताओं व जनप्रतिनिधियों के स्वागत के बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मंच का संचालन टी वासू ने की हांलाकि कार्यक्रम में जिला स्तर के शिक्षा अधिकारियों की अनुपस्थित थी। लेकिन बच्चों को उच्च अधिकारियों के मार्ग-दर्शन की कमी भाजपा नेताओं ने महसूस होने नही दी। शिक्षा विभाग की वर्ष की सबसे बड़े कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के संकुल समन्वय तथा आला संस्थाओं के अधीक्षकों सहित शैक्षणिक संस्थाओं के प्राचार्य पूर्ण रूप से मौजूद नहीं थे। जिसको लेकर मंच से जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने खेद प्रकट किया। नेताओं का स्वागत करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी पी. श्रीनिवास राव ने विकास खंड स्तर पर मौजूद सभी स्कूलों एवं शिक्षा सत्र 2024-25 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की संख्या बताते हुए कहा कि पहली कक्षा में पढ़ने नव प्रवेशी वाले छात्र-छात्राओं की संख्या इस वर्ष पच्चीस सौ है। आने वाले समय में कक्षा पहली में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या साढ़े तीन हजार के आसपास हो सकती है। जो पिछले वर्ष के तुलना में पांच सौ के आसपास अधिक है। इसके साथ ही विभिन्न संस्थाओं में पहली से लेकर बाहरवीं तक पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 14662 है और विकास खंड को 171 नये शिक्षक मिले है।

**शिक्षा के साथ क्षेत्र के विकास पर बल**

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोयम मुका ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। धनीराम बारसे ने सुकमा जैसे जिले को पहचान देने के लिए पूर्व के रमन सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। संकल्प भारत के सपने तथा आदिवासी उत्थान को बढ़ावा देने वाले सोच की परिकल्पना मोदी सरकार तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा लगातार करने की बात कही। साथ ही कहा सुकमा जिला का विकास बीते बीस सालों में एक अलग पहचान बन कर उभरी है। नेता कोरसा सन्नू, नगर अध्यक्ष मौसम जया सहित कोण्टा एडिशनल एसपी अकाश राव ने भी संबोधित कर नव प्रवेशी बच्चों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं अच्छी पढ़ाई को लेकर प्रेरित किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी पी. श्रीनिवास राव तथा बीआरसी वीरभद्र राव सहित शिक्षा विभाग के अन्य कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे।

# विद्यार्थी स्कूल आकर अनुशासन में रहकर विद्या अध्ययन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



- छिन्दबहार में हुआ संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

दरभा विकासखंड अंतर्गत दो संकुल छिंदबहार और ककनार का संयुक्त संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार के प्रांगण में आज हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। व्याख्याता राजेश गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए शाला प्रवेशोत्सव मनाने के पीछे कारण क्या है विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तुलाराम कश्यप जनपद सदस्य ने उद्बोधन में विद्यार्थियों को स्कूल आकर अनुशासन में रहकर विद्या अध्ययन करने, अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर क्षेत्र का नाम रोशन करने प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच छिंदबहार गंगाराम कोर्राम ने बच्चों को नियमित स्कूल आकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। व्याख्याता तुलादास मानिकपुरी ने बच्चों में और स्कूलों में प्रतियोगिता कराकर गुणवत्ता में वृद्धि लाने को कहा। व्याख्याता बुधराम कश्यप ने बच्चों को समझाया कि किसी भी कार्यक्रम में शांत रहकर हम यदि सामने वालों की बातों को सुनते हैं, तो हमारे अन्दर जरूर ज्ञान में वृद्धि होती है। अंत में अतिथियों द्वारा कक्षा 1ली, 6वीं और नवमी में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। नव प्रवेशित बच्चों को पुस्तक, गणवेश आदि प्रदान किया गया। 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। एनएसएस वॉलिंटियर्स को अ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर संकुल प्राचार्य जेआर मौर्य, संकुल समन्वयक रामधर मौर्य, उग्रसेन यादव, व्याख्याता दीनबंधु नाग, लुदरसन कश्यप, उषा कश्यप, मनोहरसिंह बरनाला, एनएसएस प्रभारी प्रमोद कुमार मरावी, सुबोध शुक्ला, प्रधान अध्यापक एसआर बघेल, सुमन दास, सीताराम नाग, रविकांत पानीग्राही, रोशन झा, गुप्तेश्वर पांडे, रामनाथ कश्यप, बजरूराम नेताम, कुश कुमार बघेल, निताशा साव, कौशल्या नायक, ममता सेठिया, दुर्गा चरण यादव, रेशमा टोप्पो, राधामानी कश्यप, थलेश्वर श्रीवास्तव, पवन ध्रुव, पुष्पल दत्ता, पुष्पांजलि निर्मल तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित रहे।

### नए कानून को लेकर कोतवाली में हुआ कार्यक्रम

# एफआईआर के सभी दस्तावेज होंगे डिजिटल : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



**कानून को खुद समझे और दूसरों को भी समझाएं**

पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय दण्ड संहिता एवं कानून की दिशा में यह एक व्यापक परिवर्तन है। इन कानूनों के संबंध में अधिकारियों एवं नागरिकों को जानकारी होनी चाहिए। नये कानून में आरोपियों के लिए नये प्रावधान किए गए हैं। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें।

**हॉट, बाजारों में भी दी जाएगी जानकारी**

कलेक्टर हरिस.एस ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी रूप से 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नये कानून के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि हमारे जिले में कानून के बारे में कम जानकारियां लोगों को है, इसलिए अधिक से अधिक लोग नये कानून से अवगत हो, इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर देते हुए कहा कि जिले के नगरीय निकायों सहित सभी हाट-बाजारों में आम लोगों के साथ ही आने वाले दिनों में कॉलेज में नवीन न्याय संहिता की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी रूप से 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नये कानून के संबंध में सुकमा जिले के सभी थाना में कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जिसमें जनप्रतिनिधि व स्थानीय नागरिकों को नए कानून से संबंधित जानकारी दी गई, साथ ही इसके प्रचार-प्रसार को लेकर जोर भी दिया गया। सुकमा थाना कोतवाली में नये कानून को लेकर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर हरिस.एस, एसपी किरण चव्हाण, भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, अरुण सिंह भदौरिया, नूपुर वैदिक, विश्वराज सिंह चौहान, दिलीप पेद्दी, नपा अध्यक्ष राजू साहू, दुर्गेश राय, शेख सज्जर, वेको हूंगा, राजेश नारा, हड़मा राम, राजेश नाग, पारसमल बोथरा, हुंकमीचंद जैन, रोहित चांडक, लीलाधर राठी, अधिवक्ता कैलाश जैन, एसडीओपी परमेश्वर तिलकवार, डीएसपी केके वाजपेयी, टीआई शिवानन्द तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सके। इसी तरह पुलिस एवं न्यायालय के लिए तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर देना होगा। इसमें पीड़ित पक्ष, आरोपी पक्ष सभी को फायदा होगा। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है। एफआईआर की प्रक्रिया, एफआईआर के निर्णय सभी डिजिटल फार्म में होंगे। सामाजिक, आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से सभी नागरिक अलग-अलग स्थानों में रहते हैं। ऐसी स्थिति में दस्तावेज डिजिटल होने से फायदा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। यह महत्वपूर्ण है कि डिजिटल फार्म में शिकायतों को लेने से धीरे-धीरे विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि अर्थदण्ड में परिवर्तन करते हुए वृद्धि की गई है, जो कि प्रासंगिक एवं सामयिक है। इसके साथ ही अपराधियों के लिए सामाजिक सेवा की बात की गई है। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम एवं साक्ष्य से संबंधित प्रावधान महत्वपूर्ण है। बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ आरोप होने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, इसे गंभीरता से लिया गया है। बच्चों से अपराधिक गतिविधि कराने पर दुगुनी सजा का प्रावधान है। बार-बार अपराध करने वालों पर अधिक दण्ड का प्रावधान किया गया है। देश के बाहर भाग जाने वाले अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए भी प्रावधान किए गए हैं।

### वाटर हेड टैंक परिसर की सफाई

गीदम। स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से संबंधित सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ कैंपेन अंतर्गत 4 जुलाई को नाला नालियों एवं वाटर हेड टैंक के परिसर की सफाई करते हुए जनजागरुकता के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी गीदम बीपी ध्रुव के निर्देशानुसार सभी कर्मचारी लगे थे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना, उपाध्यक्ष मनकु राम लेखामी, समस्त पार्षदगण, समस्त कर्मचारीगण, समस्त स्वच्छता दीदीयां एवं समस्त नागरिकों की भागीदारी रही है।

**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम के न्यायालय मे मामला क्रमांकः**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
विषयः- अ-2 सनः- 2023-2024
गीदम प.ह.न. 00017 [395/34 (0.0200 हे.)]
**पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार सुप्रिया सरकार,**
अनावेदक पक्षकार -

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक सुप्रिया सरकार पिता अरुण सरकार जाति. नमोशुद्र निवासी. बारसूर तहसील- बारसूर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नंबर 9098740208 के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम के समक्ष भू- राजस्व संहिता की धारा 172 तथा 59(2) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किये है की ग्राम गीदम प.ह.न. 17 रा.नि.म. व तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 395/34 रकबा 0.0200 हे. आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपर्वतन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त भू-खण्ड पर किसी को आपत्ति हो तो इस कार्यालय में दिनांक 11/07/2024 तक अभिमत प्रस्तुत कर सकते है।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

Jayant Nahata
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम

**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम के न्यायालय मे मामला**
क्रमांकः.........विषय :- अ-2 सनः- 2023-2024
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
हारम प.ह.न. 00020 [244/2 (0.0320 हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -
रविन्द्र दास मानिकपुरी,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक रविन्द्र दास मानिकपुरी पिता चरण दास मानिकपुरी जाति- बया निवासी- हारम तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाडा (छ.ग.) मोबाईल नंबर 9301942287 के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम के समक्ष भू-राजस्व संहिता की धारा 172 तथा 59(2) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किये है की ग्राम हारम प.ह.न. 20 रा.नि.म. व तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 244/2 रकबा 0.0320 हे. आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपर्वतन कराना चाहते है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त भू-खण्ड पर किसी को आपत्ति हो तो इस कार्यालय में दिनांक 12/07/2024 तक अभिमत प्रस्तुत कर सकते है।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/06/2024 को जारी किया जाता है ।

मुहर

Jayant Nahata
अनुविभागीय अधिकारी
राजस्व गीदम

# खिलाड़ी प्रतिभा का श्रेष्ठतम प्रदर्शन कर बनाएं अपनी पहचान : गोयल

## विधायक ने किया 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किसी भी प्रतियोगिता में जीत-हार अवश्यंभावी है। लेकिन खिलाड़ी का, अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठतम प्रदर्शन उसकी क्षमता को साबित करने सहित पहचान दिलाता है। यह बात विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने स्थानीय श्यामाप्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और गणमान्य नागरिकों को मुख्य आतिथ्य की आसंदी से सम्बोधित करते हुए आज कही। उन्होंने अपने क्षेत्र के लामड़ागुड़ा निवासी राज्य स्तर पर पुरस्कृत खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक बालमती यादव की प्रतिभा की सराहना कर अन्य खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा में सम्मिलित होने वाले सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सुप्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात का भ्रमण करवाने की बात कही।

इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा प्रदान करने सहित खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव पहल कर रही है। इस





दिशा में खेल सुविधाओं के विस्तार सहित खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने खिलाड़ियों को अनुशासन के साथ प्रतिभा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि खेलकूद से व्यक्तित्व निर्माण होता है और सकारात्मक ऊर्जा के साथ शारीरिक, बौद्धिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों को स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन करने की समझाईश दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महापौर सफीरा साहू ने भी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि इस सुब्रतो कप फुटबॉल स्पर्धा में प्रदेश के 5 जोन दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर के 250 से अधिक खिलाड़ी छात्र-छात्राएं और खेल अधिकारी एवं प्रशिक्षक सम्मिलित हो रहे हैं। जिसमें बालक वर्ग में 15 एवं 17 वर्ष तथा बालिका वर्ग में 17 वर्ष आयु के खिलाड़ी शामिल हैं। इस दौरान खिलाड़ी छात्रा जिया मानिकपुरी ने सभी खिलाड़ियों को नियमों का पालन कर अनुशासन के साथ स्पर्धा में सहभागिता निभाने की शपथ दिलाई। इस मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शाल, श्रीफल से सम्मान



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला बस्तर के उपाध्यक्ष विजय विश्वास एवं लोहण्डीगुड़ा अध्यक्ष आई. एल. पाटकर के सेवानिवृत्ति होने पर संगठन के सदस्यों ने शाल, श्रीफल से सम्मानित कर विदाई दी। इस अवसर अजय श्रीवास्तव ने कर्मचारी साथियों के कार्यकाल व उनके द्वारा किए गए कार्यो्ं को याद किया। महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने उनके योगदान को याद करते हुए प्रशंसा की। सुभाष पांडे ने कहा कि संगठन में इनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है। कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा पेंशन प्राधिकार पत्र दिए जाने की कर्मचारियों ने प्रशंसा की। इस दौरान मनोज कुमार, राम प्रभाकर मिश्रा, प्रमोद पांडे, जी.एल. यादव, राजेंद्र पांडे, मोतीलाल वर्मा समेत कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एक महीने से बंद रेडी टू ईट को चालु करे सरकार

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे ने जारी बयान में कहा कि महिला बाल विकास विभाग गरीब बच्चों के प्रति संवेदनहीन है यह स्थिति निर्मित



होना सरकार के कामकाज के तरीकों व गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है। यह सरकार गरीब बच्चों को मिलने वाले भोजन पर अंकुश लगाकर बैठी है। उन्होंने कहा इस विफलता का कारण भ्रष्टाचार और सरकार की नियत है। राज्य में कुपोषण से लड़ने की लिए रेडी टू ईट की एक बड़ी योजना सालों से चल रही है वही बीजेपी सरकार रेडी टू ईट की सप्लाई राज्य के सभी जिलों में 1 महीने से बंद कर रखा है।

## श्रमिकों ने 12 सूत्रीय मांगपत्र संभागायुक्त को सौंपा

# अवकाश नगदीकरण पुनः प्रारंभ करने की मांग, मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को संभागायुक्त श्याम धावड़े से

■ गैंग श्रमिकों को योग्यता अनुसार अकुशल श्रेणी से कुशल श्रेणी में पदोन्नति किया जाए





मुलाकात कर 12 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। लोक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग में कार्यरत गैंग श्रमिकों के विभिन्न मांगों को लेकर ध्यानाकर्षण कराया गया। मांगपत्र उप मुख्यमंत्री एवं लोकनिर्माण मंत्री, सचिव, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग के नाम सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि कार्यभारित कर्मचारियों को मध्य प्रदेश शासन काल के समय अवकाश नगदी कारण का लाभ दिया जाता था उसे पुनः प्रारंभ किया जाने, गैंग श्रमिक जो अनुसूचित क्षेत्रों में कार्य करते हैं उन्हें नियमित कर्मचारियों की भांति 10 दिन का विशेष अवकाश, नियमित कर्मचारियों की भांति कार्यभारित महिला कर्मचारियों को भी 180 दिनों का प्रस्तुति अवकाश, गैंग श्रमिकों को अन्य कर्मचारियों की तरह चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान एवं मेडिकल अवकाश का लाभ दिए जाने, शासकीय वर्दी सिलाई के लिए शासन द्वारा वर्तमान में 770 रुपए दिया जा रहा है, जिसे वर्तमान प्रचलित दर रुपये 1500 के अनुसार सिलाई की राशि का भुगतान किया जाने, लोक निर्माण विभाग के गैंग श्रमिकों को योग्यता अनुसार अकुशल श्रेणी से कुशल श्रेणी में पदोन्नति दिया जाने, श्रमिकों को बारिश के मौसम में रेनकोट एवं ठंड के मौसम के लिए गरम कोट प्रत्येक 3 वर्ष में अनिवार्य रूप से दिया जाने की मांग को लेकर ध्यानाकर्षण कराया गया है। साथ ही समस्याओं के संबंध में कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जगदलपुर को मांगपत्र सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग के गैंग श्रमिकों को 10 वर्षो्ं की सेवा पूर्ण करने पर समयमान वेतनमान का भुगतान करने, शासन द्वारा घोषित समस्त सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश प्रदाय किये जाने की अनुमति, कार्यभारित आकस्मिकता स्थापना के नियमित गैंग श्रमिको को त्यौहार अग्रिम राशि रुपये 10000 भुगतान एवं राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग में कार्यरत गैंग श्रमिको को भवन व सड़क में कार्य करने वालों को औजार नही दिया जा रहा है गैंग श्रमिक स्वयं ही फावड़ा, तगाड़ी, गैती, सब्बल, टंगिया खरीद कर कार्य करते हैं उन्हें विभाग द्वारा सामान उपलब्ध कराया जाए। कार्यपालन अभियंता ने शीघ्र ही राष्ट्रीय राजमार्ग में कार्यरत पात्रता रखने वाले समस्त गैंग श्रमिकों को समयमान वेतनमान का भुगतान करने व जायज सभी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय महामंत्री गिरिजाशंकर साहू, सचिव चमनलाल वर्मा, कोषाध्यक्ष जयसिंह मरापी व विजय कुमार नाग उपस्थित रहे।

# दल्ली-राजहरा रेल लाइन कार्य शीघ्र पूरा करने सांसद ने रेलमंत्री से की चर्चा

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सांसद महेश कश्यप ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर रेलवे की परियोजनाओं, सम्पर्क सुविधाओं और रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर चर्चा की। सांसद ने जगदलपुर सहित बस्तर के

■ प्रस्तावित यात्री रेल सुविधा विस्तार, नई ट्रेन और लाइन की मांग की

प्रस्तावित नई रेल लाइन की मांग रखी। उन्होंने रेलमंत्री को रेलवे स्टेशनों के विस्तार, रेल लाइन के दोहरीकरण, रेलवे के आधारभूत ढांचों के विकास कार्यो्ं की सौगात पर आभार जताया। बस्तर में रेल परियोजनाओं के विकास कार्यो्ं में तेजी लाने, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जगदलपुर रेलवे स्टेशन का भी विस्तार होने जा रहा है। जिसका कार्य प्रगति पर है। केके रेल लाइन पर दोहरीकरण का काम तेजी से चल रहा है। यह भी एक वजह है कि डबल लाइन का लाभ अधिक से अधिक यात्रियों को मिले इसलिए बस्तर को यात्री रेल सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। सांसद ने रेल मंत्री को मांगपत्र सौंपकर बस्तरवासियों के रेल लाईन की मांग से अवगत करवाया। रायपुर से धमतरी तक निर्माणधीन रेल लाईन का जगदलपुर तक निस्तारण करने की मांग की। दल्लीराजहरा-रावघाट जगदलपुर रेल परियोजना जो प्रगति पर है उस कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए रेल मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। रेलमंत्री ने बस्तरवासियों की अपेक्षित यात्री दल्लीराजहरा-जगदलपुर रेल लाइन का काम पूरा करने का आश्वासन दिया। साथ ही अन्य मांगों पर पहल करने का भरोसा दिया।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कांग्रेस पार्षद दल को दी समझाईश

# विपक्ष का धरना प्रदर्शन मुद्दाविहीन : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अच्छा होता यदि विपक्ष के पार्षद किसी जनहित के मुद्दे को लेकर, नगर विकास को लेकर, निगम की खामियों को लेकर धरना प्रदर्शन करते। विपक्ष ने अपना पहला ही धरना जनहित के मुद्दों से अलग स्वयं के हित में दिया है यह शर्मनाक है।



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडेय ने निगम में विपक्ष कांग्रेस को घेरते यह बात कही। उन्होंने कहा सत्ता सुख में रहते हुए उन्हें जो कक्ष दिया गया था वास्तव में वही कक्ष उन्हें अलाट किया गया है। जिस कमरे की मांग नेता प्रतिपक्ष और उनके पार्षदों के द्वारा किया जा रहा है, वह कक्ष साढ़े नौ साल तक मूत्रालय के पानी से सीलन युक्त था और छह माह पूर्व उसकी सीलिंग भी धड़धड़ा कर गिर गई थी। तब सत्ता सुख में लिप्त इन तत्कालीन मेयर इन काउंसिल के सदस्य उस कक्ष को झांकने भी नहीं आया करते थे। आज जब महापौर ने उस कक्ष को एक महिला मेयर इन काउंसिल की सदस्य को एलाट कर दिया है तब इनके पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष कक्ष पाने का अपना हठ छोड़े और मुद्दों की तलाश करें। यदि उन्हें अपने प्राप्त कक्ष में कुछ सुख संसाधन चाहिए तो वह महापौर को लिखित में अपनी मांग रखें, जिसमें विचार कर उन्हें यथायोग्य संसाधन उपलब्ध कराए जा सके।

# शहर में फैल रहे डेंगू से बचाव के लिए कीटनाशक का किया जा रहा छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

बरसात के मौसम में डेंगू मच्छर पनप रहें है। जिसके कारण लोग बीमार पड़ रहें है। जिससे बचाव हेतु वार्डों में निगम के कर्मचारियों द्वारा फॉगिंग और कीट नाशक का छिड़काव प्रत्येक वार्डों में किया जा रहा है। साथ ही लोगों को अपने घरों के आस-पास सफाई रखने, पानी जमा ना होने दें, पानी जमा होने वाले सामानों को हटाने की समझाईश दी जा रही है। इस मौसम में डायरिया फैलने की आशंका रहती है। इससे लक्षण व बचाव की भी जानकारी दी गई।



डायरिया दूषित पानी पीने से, खराब भोजन खाने से, वायरल या बैक्टीरियल संक्रमण से, हाथ धोए बिना खाना खाने से या बाथरूम के बाद हाथ न धोने से। डायरिया से पीड़ित व्यक्ति के साथ सीधे संपर्क में आने से हो सकता है। डायरिया के संकेत मिलते ही डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए क्योंकि यह जल्दी ही गंभीर हो सकता है। डायरिया से बचाव के लिए स्वच्छ पानी फिल्टर्ड या उबला हुआ पानी पिएं, साफ-सफाई रखते हुए खाना बनाने और खाने से पहले हाथ अच्छे से धोएं। भोजन को अच्छे से पकाएं और ताजा खाना खाएं। बच्चों को रोटावायरस वैक्सीन लगवाएं।

बाथरूम के बाद और डायपर बदलने के बाद हाथ धोएं, इन सभी नियमों का पालन कर बीमारी से बचाव किया जा सकता है। साथ ही रोडसाइड फूड जो अनहाइजीनिक हो सकता है, उससे बचकर रहें। भोजन को अच्छे से स्टोर करें और उसे ढंक कर रखें। जब पानी और साबुन उपलब्ध न हो, तब अल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें।

भक्तों ने पूजा के बाद पाया प्रसाद

# गुरूकुल में विधि विधान के साथ पूजन और हनुमान चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शंकराचार्य भगवान का प्राकट्यपर्व आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी, पीठ परिषद के तत्वावधान में गुरुवार को मनाया गया। धरमपुरा गायत्री नगर के भारत उदय गुरुकुल में आयोजित धार्मिक आयोजन को आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित योगेश शुक्ला व उनकी धर्मपत्नी गीता शुक्ला ने विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की। पूर्वान्ह 11 बजे श्रीगणेश पूजन पश्चात श्रीगुरूदेव भगवान एवं गुरु पादुका का पूजा विधि विधान के साथ किया गया। पूजन पश्चात कर्मकर्ताओं के द्वारा राम भजन-कीर्तन के साथ सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ और सामुहिक आरती की गई। श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद दिया गया। इस आयोजन में संभाग अध्यक्ष अनिल सामंत, जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर, जिलाध्यक्ष गीता शुक्ला, दृशान चक्रवती, संतोष बाजपाई, अभय



दीक्षित, राकेश साहू, गिरिजानंद मिश्रा, किरण शुक्ला, अनिरुद मिश्रा, मृणाल मालिक, रामनरेश पांडे, श्रीधर ओझा, संजय पांडे, सुरेश गुप्ता, बृजेश दुबे, सतरूपा मिश्रा, डॉ सुषमा झा, सोभागिनी सामन्त, शिखा सामंत, अलका सेंगर, शिखा घोष, बबली शुक्ला, लता नामदेव, अंजू पांडे, प्रीति दास, सुनीता कुशवाह, रेखा जायसवाल, पूनम ठाकुर समेत अन्य कर्मकर्ता सम्मलित थे।

# पंचायत स्तर पर स्वीकृत विकास कार्यों को दें गति : वेदवती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे और जिला पंचायत सदस्यों की

■ जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में पंचायत स्तर के विकास कार्यों में विलंब के लिए सम्बंधित ग्राम सचिव को हटाने के दिए निर्देश

उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज आयोजित की गई। जिला पंचायत के सदस्यों के द्वारा प्रस्ताव में कहा गया कि पंचायत स्तर पर स्वीकृत विकास कार्यों की प्रगति दिया जाए, कार्यों में विलंब होने की स्थिति पर लापरवाह सम्बंधित सचिव को हटाने की कार्यवाही करने कहा गया। इसके अलावा आंगनबाड़ी भवन निर्माण को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए, निर्माण के विलंब होने पर आवश्यक कार्यवाही किया जाए। जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के दौरान सड़कों को क्षति पहुंचने पर सम्बंधित विभाग के द्वारा व्यवस्था को दुरूस्त करवाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग और पशु विभाग द्वारा मौसम जनित बीमारियों के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को स्कूलों में नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने कहा।

बैठक में कृषि विभाग खरीफ फसलोत्पादन हेतु खाद-बीज, निर्माण कार्य एवं अन्य विभागीय, पशु चिकित्सा विभाग वर्षा ऋतु में पशुओं में होने वाली बीमारी की रोकथाम, दवा की उपलब्धता, विगत वर्षों में बछिया जन्म होने पर लाभांवित हितग्राहियों की सूची, विगत 3 वर्षों में मुर्गी, बकरी, सुकरपालन के लाभांवितों की सूची वित्तीय स्थिति सहित स्वास्थ्य विभाग वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारी के रोकथाम एवं विभागीय गतिविधि की जानकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पेयजल की आपूर्ति एवं जिला पंचायत सदस्यों द्वारा विगत 4 वर्षों में पेयजल हेतु नलकूप खनन एवं अन्य समस्या के संबंध में प्रस्तुत आवेदनों के निराकरण की जानकारी, जल जीवन योजना प्रारंभ से अब तक की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय जानकारी, शिक्षा विभाग शिक्षा सत्र 2024 में आवासीय विद्यालय एवं गैर आवासीय विद्यालयों में गणवेश, पुस्तक, बिस्तर, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था की विस्तृत जानकारी, वन विभाग वनाधिकार पट्टा एवं वर्षा ऋतु में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधारोपण की जानकारी, उद्यानिकी विभागग द्वारा विगत 3 वर्षों में रोपित पौधे तथा वर्तमान में पौधा रोपण, विद्युत विभाग वर्षा ऋतु में विद्युत व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

# इस्पात मंत्री ने सांसद से कहा जल्द करेंगे निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप के नेतृत्व में जय झाड़ेश्वर समिति नगरनार का प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष बनमाली नाग, संचालक सदस्य हरि साहू एवं खगेश पुजारी के उपस्थिति में केंद्रीय इस्पात मंत्री से मिला। नगरनार में एनएमडीसी के वादा खिलाफी के विरोध में समिति के तत्वावधान में 28 दिनों से चल रहे क्रमिक भूख हड़ताल के बारे में अवगत कराया गया। सांसद ने इस्पात मंत्री को समिति की परिवहन, रोजगार सहित 7 सूत्रीय मांगों और वर्तमान में चल रहे स्थिति से अवगत कराते हुए विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने सकारात्मक पहल करते हुए जल्द एनएमडीसी के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर समस्या का उचित निराकरण करने का

एजेंसी देनी है
बीजापुर जिले के भैरमगढ़, कुटरू, नैमेड़ एवं उसूर में एजेंसी देनी है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
संपर्क करें
हरिभूमि
संभागीय कार्यालय जगदलपुर
पूनम हॉटल, प्रतापगंज पारा
मोबाईल नंबर
6266028097
9131893124

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर